स्थापना : 1951

☎ 01580 220024
Email- gbcdidwana1@gmail.com

कार्यालय प्राचार्य, राजकीय बाँगड़ महाविद्यालय, डीडवाना

# अखिल राजस्थान सेठ नारायण दास बाँगड़ स्मृति अन्तरमहाविद्यालय हिन्दी वाद–विवाद प्रतियोगिता, 2018–19

## :: प्रतियोगिता प्रतिवेदन ::

नारायणदास बाँगड़ चेरिटेबल ट्रस्ट, कोलकाता के आर्थिक सौजन्य से राजकीय बाँगड़ महाविद्यालय, डीडवाना की प्रतिष्ठित साहित्यिक गतिविधि "सेठ नारायण दास बाँगड़ स्मृति अखिल राजस्थान अन्तरमहाविद्यालय हिन्दी वाद–विवाद प्रतियोगिता, 2018–19" का सफल आयोजन दिनांक 09 जनवरी, 2019 को सम्पन्न हुआ। प्रतियोगिता में प्रदेश के 22 महाविद्यालयों के 35 प्रतिभागियों ने प्रतियोगिता विषय के पक्ष एवं विपक्ष में अपने तार्किक विचार रखे। प्रतियोगिता का विस्तृत प्रतिवेदन निम्नानुसार है–

1. आयोजन स्थल – महाविद्यालय प्राँगण
2. आयोजन तिथि – 09 जनवरी, 2019 पूर्वाह्न 10:15 बजे से
3. प्रतियोगिता का विषय – इस सदन की सम्मति में – "संचार साधनों के बढ़ते उपयोग ने ही समाज को असंवेदनशील होने से बचाया है"
4. मंच को सुशोभित करने वाले महानुभाव
   - मुख्य अतिथि : डॉ. हबीब खाँ गौराण, पूर्व अध्यक्ष राजस्थान लोक सेवा आयोग
   - कार्यक्रम अध्यक्ष : डॉ. चंद्रप्रकाश गौड़, प्राचार्य राजकीय बाँगड़ महाविद्यालय, डीडवाना
   - विशिष्ट अतिथि : श्रीमान पृथ्वीराज रतनू, पूर्व सचिव राजस्थानी भाषा, साहित्य एवं संस्कृति अकादमी, बीकानेर
   - स्वागताध्यक्ष : श्रीमान श्रीगोपाल बगड़िया, प्रतिनिधि नारायणदास बाँगड़ चेरीटेबल ट्रस्ट, कोलकाता
   - प्रतियोगिता समन्वयक : डॉ. एन.आर. ढाका, एसोसिएट प्रोफेसर राजकीय बाँगड़ महाविद्यालय, डीडवाना
   - छात्रसंघ अध्यक्ष : श्री हरलाल बरवड़ छात्रसंघ 2018–19
5. प्रतियोगिता निर्णायक मंडल
   - श्रीमान ओमप्रकाश सारस्वत, वरिष्ठ पत्रकार एवं साहित्यकार पूर्व संपादक–शिविरा (पूर्व संयुक्त निदेशक–माध्यमिक शिक्षा)
   - श्रीमान राजेन्द्र जोशी, वरिष्ठ साहित्यकार एवं पत्रकार सहायक परियोजना अधिकारी–साक्षरता एवं सतत शिक्षा
   - श्रीमान गोवर्धन चौधरी, विशेष संवाददाता न्यूज 18 राजस्थान (ईटीवी राजस्थान)

Scanned with CamScanner

6. प्रतियोगिता आयोजन एवं समन्वय समिति

- ❖ समन्वयक : डॉ. एन.आर. ढाका
  अध्यक्ष – लोकप्रशासन विभाग
- ❖ सह–समन्वयक : डॉ. जहाँगीर रहमान कुरैशी
  अध्यक्ष – वनस्पति विज्ञान विभाग
- ❖ वरिष्ठ–सदस्य : डॉ. अरुण व्यास
  अध्यक्ष – भूविज्ञान विभाग
- ❖ संयोजक : डॉ. गजादान चारण
  अध्यक्ष – स्नातकोत्तर हिंदी विभाग
- ❖ सदस्य : श्री अनिल कुमार
  व्याख्याता – भौतिक विज्ञान
- ❖ सदस्य : डॉ. अतुल गर्ग
  व्याख्याता – गणित विभाग
- ❖ सदस्य : श्री श्रीगोपाल बगड़िया, प्रतिनिधि
  नारायणदास बाँगड़ चेरीटेबल ट्रस्ट, कोलकाता

7. प्रतियोगिता सूचना पत्र प्रेषण :
राजस्थान राज्य में स्थित 250 से अधिक राजकीय एवं गैर राजकीय महाविद्यालयों को प्रतियोगिता सूचनापत्र प्रेषित किए गये। *"प्रतियोगिता फोल्डर" की नमूनार्थ प्रति संलग्न है।*

8. सहभागी महाविद्यालय :
प्रतियोगिता में कुल 22 महाविद्यालयों से 35 प्रतियोगियों ने प्रतिनिधित्व किया। *"प्रतियोगिता में सहभागी महाविद्यालय एवं प्रतिभागियों की सूची" संलग्न है।*

9. प्रतियोगिता का परिणाम :

चलविजयोपहार विजेता : श्रीमती मोहरीदेवी तापड़िया कन्या महाविद्यालय, जसवंतगढ़
वक्ता प्रतिभागी : सुश्री प्रतिभा कुमारी एवं वर्षा कंवर

10. वैयक्तिक पुरस्कार नकद

11000 रू. प्रथम स्थान : सुश्री प्रतिभा कुमारी
श्रीमती मोहरीदेवी तापड़िया कन्या महाविद्यालय, जसवंतगढ़

7500 रू. द्वितीय स्थान : सुश्री निहारिका राठौड़
राजकीय बाँगड़ महाविद्यालय, डीडवाना

3100 रू. तृतीय स्थान : कल्पित हरित
राजकीय विधि महाविद्यालय, अजमेर

1100 रू. प्रोत्साहन पुरस्कार : मेहनाज बानो
आचार्य कालू कन्या महाविद्यालय, लाडनूं

1100 रू. प्रोत्साहन पुरस्कार : लोकेन्द्र सिंह
सैनी आदर्श महाविद्यालय, बांदी कूई

1100 रू. प्रोत्साहन पुरस्कार : सुश्री सरिता देवी
बीआरएम राजकीय महाविद्यालय, नागौर

1100 रू. प्रोत्साहन पुरस्कार : सुश्री सोनू सोलंकी
राजकीय बाँगड़ महाविद्यालय, डीडवाना

1100 रू. प्रोत्साहन पुरस्कार : वर्षा कंवर
श्रीमती मोहरीदेवी तापड़िया कन्या महाविद्यालय, जसवंतगढ़

Scanned with CamScanner

11. सहभागियों को प्लास्टिक फोल्डर, प्रमाणपत्र एवं प्रतीक चिह्न :

सम्पन्न प्रतियोगिता के नाम एवं सेठ नारायणदासजी बाँगड़ की फोटो सहित प्लास्टिक फोल्डर, स्लिपपेड एवं सहभागिता प्रमाणपत्र मुद्रित करवाए गए। प्रतियोगिता में पधारे समस्त अतिथियों, निर्णायकों, प्रतिभागियों, दल प्रभारियों, नगर के गणमान्य सक्रिय साहित्यप्रेमियों, महाविद्यालयी संकाय सदस्यों, सह–शैक्षणिक कर्मियों तथा मीडियाकर्मियों सहित चुनिंदा स्वयंसेवकों को प्रतियोगिता स्लिप पेड, प्लास्टिक फोल्डर, बॉलपेन भेंट किया गया तथा प्रतियोगिता उपरांत प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र एवं प्रतीक चिह्न प्रदान किये गए।

12. मंचासीन अतिथिगण का सम्मान

समारोह में मंचासीन अतिथियों एवं निर्णायकों का माल्यार्पण, साफा, प्रतीकचिह्न, मानेदय भेंट कर स्वागत्–अभिनन्दन एवं सम्मान किया गया। सभी अतिथियों को प्रतियोगिता संपन्न होने के बाद आभारपत्र सहित यादगार स्वरूप कतिपय फोटोस्नेप्स भी भेजे गए हैं।

13. समारोह दृश्यावलोकन

समारोह अत्यन्त शालीनता एवं गरिमामय ढंग से सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की विडियोग्राफी तथा फोटोग्राफी कराई गई। दृश्यावलोकनार्थ चुनिंदा फोटो स्नेप्स तथा कार्यक्रम की विडियोग्राफी डी.वी.डी. संलग्न है।

14. जनसूचनार्थ प्रेस विज्ञप्ति

सम्पन्न प्रतियोगिता के आयोजन की पूर्व जानकारी एवं आयोजन उपरान्त जनसूचनार्थ प्रेस नोट के माध्यम से राज्य एवं स्थानीय समाचार पत्रों में विषयवस्तु समाचार प्रकाशित हुये। अखबारों की कतरनों की फोटो प्रतियां संलग्न है।

16. अतिथिगण एवं प्रतिभागियों की आवास–प्रवास एवं भोजन व्यवस्था–

आमन्त्रित अतिथियों एवं प्रतिभागियों के लिये आवास–प्रवास एवं भोजन की व्यवस्था हेतु स्थानीय होटल सुंदरम पैलेस खांडल विप्र भवन में व्यवस्था की गई। प्रतियोगिता दिवस पर अतिथियों, निर्णायकों, प्रतिभागियों, संपूर्ण महाविद्यालय स्टाफ सहित नगर के गणमान्य नागरिकों के लिए जलपान एवं भोजन की उत्तम व्यवस्था महाविद्यालय प्रांगण में की गई।

17. अतिथिगण का प्रतियोगिता कार्यक्रम के परिप्रेक्ष्य में अभिमत–

सम्पन्न प्रतियोगिता की व्यवस्थाओं, संचालन, प्रस्तावित विषय एवं समारोह को मुख्य अतिथि, कार्यक्रम अध्यक्ष, विशिष्ट अतिथि, निर्णायकगण, दल प्रभारियों, प्रतिभागियों, मीडियाकर्मियों तथा नगर के साहित्यप्रेमी नागरिकों सहित अन्य उपस्थित महानुभावों द्वारा सराहने के साथ उल्लेखनीय बताया गया। नगर के प्रबुद्धजनों, अभिभावकों तथा विद्यार्थियों की उपस्थिति उत्साहवर्धक रही। बीकानेर, नागौर एवं लाडनूं आदि बाहरी नगरों से पधारे हुए कुछ साहित्यकारों ने भी प्रतियोगिता में पूरे समय उपस्थिति दी तथा इसे एक उत्कृष्ट साहित्यिक आयोजन बताया।

समारोह का शुभारंभ सरस्वती वंदना एवं पुण्यात्मा सेठ नारायणदासजी बाँगड़ के पुण्य स्मरण के साथ तथा समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। स्वागताध्यक्ष श्रीमान श्रीगोपाल बगड़िया ने बाबू वेणुगोपालजी बाँगड़ का भावभरा संदेश पढ़कर सुनाया तो पांडाल से तालियों की गड़गड़ाहट के साथ सबने बाबू के प्रति कृतज्ञता जाहिर की। प्राचार्य एवं संरक्षक डॉ. चंद्रप्रकाश गौड़ ने प्रतियोगिता शुभारंभ की घोषणा करते हुए कहा कि बाँगड़ परिवार के उदारमना सहयोग से बने इस महाविद्यालय ने देश समाज को अनेक हीरे तराश कर दिए है तथा वह प्रक्रिया अब भी जारी है। प्रतियोगिता समन्वयक डॉ. एन.आर. ढाका ने उदारमना दानवीरों को नमन करते हुए प्रतियोगिता की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि पर प्रकाश डाला तथा बताया कि इस प्रतियोगिता ने अनेक प्रखर वक्ताओं को तैयार किया है, जो समाज का मार्गदर्शन कर रहे हैं। प्रतियोगिता नियमों की घोषणा, कार्यक्रम संचालन एवं मंचासीन अतिथियों के परिचय का दायित्व प्रतियोगिता संयोजक डॉ. गजादान चारण द्वारा निर्वाहित किया गया। सभी प्रतिभागियों तथा

Scanned with CamScanner

अतिथियों की विचाराभिव्यक्तियों के साथ प्रतियोगिता अपने अपेक्षित स्वरूप में संपन्न हुई। सहसमन्वयक डॉ. जहांगीर रहमान कुरैशी एवं छात्रसंघ अध्यक्ष श्री हरालाल बरवड़ द्वारा आभार एवं धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

(डॉ. गजादान चारण)
प्रतियोगिता संयोजक

डॉ. एन. आर. ढाका)
प्रतियोगिता समन्वयक

(डॉ. चंद्रप्रकाश गौड़)
प्राचार्य एवं संरक्षक

Scanned with CamScanner